

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद


MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17


# यशोन्नति


दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें
https://dainikyashonnati.com


वर्ष 8+15 अंक 14 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 04 मई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## कृषि मंत्री पटेल का दौरा कार्यक्रम



सिवनी यशोः- प्रदेश शासन के किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग मंत्री कमल पटेल प्राप्त अधिकृत कार्यक्रमानुसार गुरूवार 4 मई जिले के प्रवास में रहेंगे। कृषि मंत्री श्री पटेल प्रातः 10 बजे सिवनी पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत दोपहर 2 बजे सिवनी से गोटेगांव के लिए प्रस्थान करेंगे।

## नैनपार में रमा रमण विराजमान

सिवनी यशोः- जिले के नैनपार गाँव में ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज के शुभ हस्ते रमा-रमण विराजमान हुए।

जिले के समीपस्थ ग्राम नैनपार में नवनिर्मित मंदिर में भगवान के विग्रह प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा तथा भागवत कथा का आयोजन किया गया था इस दौरान द्विपीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज के परम स्नेही कृपापात्र शिष्य ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज के शुभ हस्ते भगवान श्री लक्ष्मीनारायण के विग्रह का प्राण-प्रतिष्ठा की गई तथा ब्रह्मचारी जी ने रमा-रमण नामकरण भी किया।

## 5 मई तक गेहूं उपार्जन स्थगित
### किसानों को मिलेगी पुनः स्लॉट बुकिंग की सुविधा

सिवनी यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में हो रही असामयिक बारिश को दृष्टिगत रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर जारी गेहूं उपार्जन कार्य 05 मई 2023 तक स्थगित किया गया है। उपार्जन स्थगित होने की वजह से जिन किसानों से खरीदी नहीं की जा सकेगी उन किसानों को पुनः स्लॉट बुकिंग करने की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उपार्जन केन्द्र पर भण्डारित स पूर्ण गेहूं को सुरक्षित रखने की जि मेदारी उपार्जन करने वाली संस्था की है। बारिश की स्थिति में उपार्जन केन्द्र पर खुले में भण्डारित स पूर्ण गेहूं को यथास भव गोदाम में भण्डारित करने अथवा तिरपाल आदि से अच्छी तरह ढकने की समुचित व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिए गए है।

## जबरन नॉलेज




# विधानसभा चुनाव महाकौशल क्या करने वाला है ?-2

## आदिवासी वोटरों पर सत्ता का दारोमदार, महाकौशल में व्यापक प्रभाव

सिवनी यशोः- राजनीतिक दृष्टि से मध्य प्रदेश देश का बड़ा राज्य हैं, जहां साल के अंत में विधानसभा चुनाव भी होना और अगले वर्ष लोकसभा के चुनाव होना है लोकसभा की 29 सीटों में से 28 पर भाजपा का कब्जा है जबकि 230 विधानसभाओं वाले प्रदेश में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुये ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थक विधायकों के स्तीफे के कारण प्रदेश में उपचुनावों के बाद भाजपा की सत्ता है और मु य चुनाव में 109 सीटों वाली भाजपा ने कांग्रेस से सत्ता छीनने के साथ वर्तमान में 127 विधायक कर सत्ता पर काबिज है ।

**महाकौशल की 38 सीटों में से 24 कांग्रेस के पास और भाजपा के पास 13 है एक सीट पर निर्दलीय**

मध्य प्रदेश भौगोलिक रूप से महाकौशल, ग्वालियर-चंबल, मध्य भारत, निमाड़-मालवा, विंध्य और बुंदेलखंड इलाकों में बांटा गया है. इन इलाकों में जातीय और सामाजिक समीकरण अलग-अलग हैं. दोनों दलों के क्षत्रपों का प्रभाव भी है. नवंबर माह में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हमने गतांक में मालवा निमाड़ क्षेत्र की स्थिती का उल्लेख किया था जहाँ आदिवासी संगठन जयस से समझौता होने बाद पिछले 2018 के चुनाव में कांग्रेस को बढ़त मिली थी और मालवा निमाड़ा में 2013 के मुकाबले कांग्रेस को 2018 में एकतरफा सफलता प्राप्त हुई थी । आज हम महाकौशल इलाके का राजनीतिक विश्लेषण करेंगे ।




महाकौशल में जबलपुर, छिंदवाड़ा, कटनी, सिवनी, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडौरी और बालाघाट जिले हैं. महाकौशल के चुनावी नतीजे हमेशा चौकाने वाले रहे हैं. 2018 के चुनाव में बीजेपी को महाकौशल इलाके से निराशा हाथ लगी थी. इसकी बड़ी वजह आदिवासियों की नाराजगी मानी गई थी.

मालवा निमाड़ की ही तरह कांग्रेस को महाकौशल अंचल में भी 2018 के चुनाव में भारी सफलता प्राप्त हुई थी और महाकौशल क्षेत्र की 38 विधानसभाओं में से 24 सीटे कांग्रेस के पाले गई थी जबकि 2013 के चुनाव में कांग्रेस के पास महज 13 सीटे थी और बीजेपी के पास 24 सीटे थी दोनों बार महाकौशल से एक सीट निर्दलीय के खाते में गयी थी ।

महाकौशल क्षेत्र में 16 आरक्षित विधानसभा क्षेत्र है अनुसूचित जाति के लिये 06 और जनजाति वर्ग के 13 आरक्षित सीटे है कांग्रेस को आरक्षित सीटों पर अच्छी सफलता प्राप्त हुई थी । महाकौशल क्षेत्र में जयस का अधिक प्रभाव नहीं है परंतु जयस राजनैतिक संगठन न होकर सामाजिक संगठन है और महाकौशल में जनजाति वर्ग के बीच व्यापक प्रभाव वाली गौंडवाना गणतंत्र पार्टी राजनैतिक दल है जिसके प्रत्याशियों से भाजपा को बड़ा राजनैतिक लाभ होता है परंतु इस बार कांग्रेस जयस और गौंडवाना गणतंत्र पार्टी को साधने के लिये पूरा प्रयास कर रही है ।

वहीँ भाजपा आदिवासी मतदाताओं को अपने पाले में लाने के लिये निरंतर प्रयास कर रही है पेसा ऐ ट, जनजाति गौरव दिवस आदि कार्यक्रम भाजपा के उसी क्रम के प्रयास है इसके साथ ही भाजपा पूरे मध्यप्रदेश में बूथ विस्तारक अभियान के माध्यम से एक एक कार्यकर्त्ता के माध्यम से बूथों को मजबूत करने में जुटी हुई है भाजपा के नेताओं का कहना है कि हर बूथ में 51 प्रतिशत वोट शेयर सुनिश्चित कर भाजपा की जीत को सुनिश्चित किया जायेगा । हर दिन भाजपा के चलने वाले कार्यक्रम भाजपा की पुनः सत्ता में काबिज होने की तैयारी है और इसके लिये भाजपा का कठोर परिश्रम भी चल रहा है । वहीं शिवराज सरकार द्वारा लोकलुभावनी घोषणाएँ जिनमें प्रदेश की आधी आबादी को साधने के लिये लाड़ली बहना योजना है ।

लाड़ली बहना योजना की घबराहट कांग्रेस में भी स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ ने महिलाओ को एक हजार प्रतिमाह के स्थान पंद्रह सौ रूपये महिने देने के साथ पाँच सौ रूपये गैस सिलेंडर और 100 रूपये 100 युनिट बिजली देने की घोषणा कर अपनी घबराहट को जाहिर किया है । कमलनाथ जी की घोषणा की मिश्रित प्रतिक्रिया आमजनता में व्यापक रूप से है और कांग्रेस को इसका लाभ भी मिलने की अच्छी संभावना है । कांग्रेस एवं भाजपा के सीधे मुकबले में कांग्रेस का पलड़ा हमेशा भारी रहा है परंतु गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, बसपा और निर्दलीय प्रत्याशी भाजपा की जीत में सहायक रहे है 2023 के चुनाव में आम आदमी पार्टी की भी बड़ी भूमिका होने की संभावना है आम आदमी पार्टी भी कांग्रेस एवं भाजपा की ही तरह मु म रेवड़ियाँ बांटने की घोषणा का जादू चलायेगी इससे किससे को अधिक नुकसान होगा कुछ कहा नहीं जा सकता परंतु आम आदमी पार्टी की उपस्थिती बड़ा प्रभाव दिखाने की तैयारी में दिखाई दे रही । वहीं औवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (AIMIM ) की उपस्थिती कांग्रेस के लिये घातक हो सकती है ।

### भाजपा को बूथ सशक्तिकरण पर भरोसा

कांग्रेस पार्टी आदिवासी मतदाताओ में प्रभाव वाले राजनैतिक दलों से समझौते के बल पर फतह की उ मीद कर रही है तो कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ का महाकौशल में व्यापक प्रभाव कांग्रेस की राह आसान कर रहा है वहीं भाजपा में असंतोष और गुटबाजी भाजपा के लिये सिरदर्द बना हुआ है इस के बावजूद भी भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान और निरंतर मतदाताओं के बीच चल रहे कार्यक्रम भाजपा के लिये संजीवनी साबित हो सकते है ।

आगामी अंक में ग्वालियर-चंबल अंचल की राजनैतिक स्थिती

## शिक्षा बच्चों के बहुमुखी विकास में सहायक होना चाहिए - चुन्नीलाल बोपचे

### (समर-कैंप मे हो रही है प्रेरणादायक कौशलात्मक गतिविधियों)




सिवनी यशोः- सरस्वती शिशु/उ.मा.विद्यालय सिवनी में 01 मई से संचालित समर कैंप के तृतीय दिवस के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए विभाग समन्वयक चुन्नीलाल बोपचे ने कहा कि शिक्षा बच्चों की प्रतिभा का बहुमुखी विकास करने वाली होना चाहिए। प्रत्येक छात्र में अपनी व्यक्तिगत विशेषताएं और क्षमताएँ होती हैं। जिनका विकास करना शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए। इसके पूर्व समर कैंप के द्वितीय दिवस में मु य अतिथि डॉ. श्याम सिंह कुमरे (रिटा.कले टर) ने समर कैंप को प्रेरक एवं उपलब्धिपूर्ण बताया। इस दस दिवसीय समर कैंप में ँचवामद दहसपीए ब्नतेपअम ूतपजपदहए ब्वउचनजमत रंगोली, मेंहदी, वैदिक गणित, चित्रकला, योग, मूर्तिकला एवं खेलकूद की अनेक गतिविधियों के माध्यम से सिवनी के विभिन्न स्कूलों के लगभग 500 छात्रों का व्यक्तित्व विकास किया जा रहा है। शिविर व्यवस्थापक नितिन चौधरी, प्राचार्य ओमप्रकाश यादव, शिविर प्रभारी प्रकाश गुप्ता एवं सहायक नरेन्द्र चौरसिया के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। शिविर के सफल संचालन में समस्त आचार्य परिवार का सकारात्मक सहयोग प्राप्त हो रहा है।



## उच्च शिक्षा विभाग मंत्री डॉ मोहन यादव का दौरा कार्यक्रम

सिवनी यशोः- प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग मंत्री डॉ मोहन यादव प्राप्त अधिकृत कार्यक्रमानुसार गुरूवार 4 मई को दोपहर 01 बजे सिवनी पहुचेंगे एवं स्थानीय कार्यक्रम में स मिलित होंगे। उच्च शिक्षा विभाग मंत्री श्री यादव शाम 4 बजे सिवनी से श्रीधाम नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### चेंबर ऑफ कामर्स के कोषाध्यक्ष
## विनोद अग्रवाल को नम आँखो से दी अंतिम विदाई



सिवनी यशोः-नगर के प्रतिष्ठित सराफा व्यवसायी एवं अग्रसेन ट्रेडर्स के संचालक विनोद अग्रवाल जी अब हमारे बीच नहीं रहे। गत रात्रि उन्हें हृदयाघात हुआ था एवं आज सुबह उन्होंने अपने नेहरू रोड स्थित निवास पर अंतिम सांस ली। 71 वर्षीय श्री अग्रवाल का आज शाम कटंगी रोड स्थित मोक्षधाम में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार संपन्न हुआ उनके जयेष्ठ पुत्र श्री हैली अग्रवाल द्वारा उन्हें मुखाग्नि दी गई।

स्वर्गीय श्री विनोद अग्रवाल सहज, सरल, मिलनसार होने के साथ ही हंसमुख स्वभाव के धनी थे। विभिन्न सामाजिक कार्यो में रुचि रखने के साथ ही वे चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्षो से निरंतर कोषाध्यक्ष पद का दायित्व संभालते रहे हैं। वे दो पुत्रों, तीन पुत्रियों एवं नाती, पोतों सहित भरे पूरे परिवार को गमगीन अवस्था में छोड़ गए।

श्री विनोद अग्रवाल जी के आकस्मिक निधन पर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभी सदस्यों द्वारा अपनी शोकाकुल, भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देने की कामना के साथ ही दुख के क्षणों में उनके परिजनों एवं शुभचिंतकों को इस दारुण दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई है।

# बैनगंगा नदी को दूषित करने शौचालय निर्माण की तैयारी, आमजनता में विरोध

### सुलभ शौचालय निर्माण हेतु स्थल चयन में परिषद को आ रहे पसीने

छपारा यशोः- नगर परिषद द्वारा छपारा नगर के अंदर चार स्थानों पर सुलभ शौचालय निर्माण हेतु तैयारी कर ली गई है, उक्त सुलभ शौचालय भवन निर्माण के लिए टेंडर भी निकाले जा चुके हैं किन्तु परिषद को सभी शौचालय निर्माण में स्थल चयन करने पर भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

नगर के संजय कॉलोनी चौक विद्युत मंडल के पास,बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय के नजदीक, तीसरा नगर के मध्य बहने वाला चमरिया नाला ब्रिज के पास और चौथा चमारी तिराहा तिंसा रोड इन चार स्थलों पर सुलभ शौचालय का निर्माण होना है उक्त सुलभ शौचालय निर्माण मे करीब 50 लाख की राशि खर्च होना है, किन्तु सभी चारों स्थानों में भूमि संबंधी विवाद सामने आ रहा है। जहां सुलभ शौचालय निर्माण होना तय बताया गया है और जिन स्थानों को चिन्हित किया गया है उक्त स्थानों पर वर्षो पूर्व से लोग कब्जा रत हैं और छोटी दुकान, ठेला आदि लगाकर अपना अपना जीवन यापन कर रहे हैं हालांकि उक्त स्थानों से कब्जाधारीयों को अपने कब्जे हटाने के लिये नगर परिषद द्वारा नोटिस जारी कर दिए गए हैं फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है।



### बैनगंगा नदी में मिलने वाले नाला में शौचालय निर्माण से दूषित होगा नदी का पानी

छपारा नगर सहित सिवनी जिला व अन्य जिलों के रहवासियों के लिए जीवनदायिनी मां बैनगंगा नदी पेयजल और जीवन जीने के रूप में जानी जाती है नगर छपारा के मध्य बहने वाला चमरिया नाला जो सीधे बेनगंगा नदी से जुड़ा हुआ है यदि उसमे नाला के ऊपर बने नए पुल के नजदीक नाला मद की भूमि पर सुलभ शौचालय निर्माण नगर परिषद द्वारा कराया जाता है तो उससे बैनगंगा नदी का पानी सीधे रूप से दूषित होगा` योंकि सुलभ शौचालय नगर के मु य मार्ग से लगकर बना होगा उक्त शौचालय का अधिक उपयोग होना तय माना जा रहा है जिससे शौचालय से ओवर लो गंदगी का रिसाव निस्तार बहाव जो नाले के माध्यम से सीधे बैनगंगा नदी में पहुंचेगा जिससे नदी का पानी भारी मात्रा में दूषित प्रदूषित होगा इसमें कोई शक नही। पवित्र बैनगंगा को प्रदूषित करने की संभावनाओं से ही नगर में विरोध के स्वर सुनाई दे रहे है ।

### नदी और नाले की स्वच्छता पर सवाल

नगर परिषद छपारा जबसे अस्तित्व रूप में आई है तब से बैनगंगा नदी और नगर के नाला नालियों की गंदगी लेकर कभी भी गंभीर रूप से नहीं देखी गई है छपारा नगर से होकर गुजरने वाले नाले एवं शहर की नालियाँ गंदगी से सराबोर है इन नालो मैं पूरे नगर का कूरा करकट गंदा पानी बाहाया जाता है जो सीधे बैनगंगा नदी में पहुंचता है जिसकी सफाई पर हमेशा सवाल उठते रहे हैं और ऊपर से नाला तलहटी क्षेत्र पुल मार्ग पर शौचालय बनाए जाने से वैनगंगा नदी पर और भी अधिक गंदगी का विस्तार होना होगा यदि सुलभ शौचालय का रिसाव नदी में जाता है तो नदी का पानी पेयजल योग्य नहीं रहेगा इस संबंध में नगर परिषद को सुलभ शौचालय निर्माण स्थल चयन पर पुनः विचार करना चाहिए छपारा जनमानस की मांग है कि गंगा नदी से सीधे जुडने वाले नाला,नालियों पर साफ सफाई पर ध्यान देना जरूरी है नदी को दूषित होने से बचाने के लिए सुलभ शौचालय सुरक्षित स्थान में बनाया जाना चाहिए गंदगी फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

**इनका कहना है**

इन सभी शौचालयो का निर्माण स्थल पूर्व मे रहे सीएमओ के समय से ही चयनित हैं छोटी मोटी समस्या आती रहती हैं जिनको जल्द दूर किया जायेगा।
श्याम गोपाल भारती
सीएमओ नगर परिषद छपारा

## कले टर सिंघल ने किया गेहूं उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण

### बारिश से बचाव तथा त्वरित परिवहन की व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल ने बुधवार 3 मई को उपार्जन केन्द्र कान्हीवाड़ा, बोथिया, सुनहेरा, तिंदुआ सहित अन्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने आकस्मिक बारिश के दौरान भीगे गेहूं सर्वप्रथम पृथक कर सूखे गुणवत्तायुक्त उपार्जित गेहूं को परिवहन कर गौदामों में भण्डारित करने के निर्देश दिए। इसी तरह आगामी दिवसों में भी बारिश की स भावनाओं को लेकर सभी जरूरी इंतेजाम रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी केन्द्रों में उपार्जित गेहूं की सुरक्षा के लिए तिरपाल आदि की उपलब्धता हो तथा भण्डारित गेहूं की व्यवस्थित स्टेकिंग हो। कहीं भी उपार्जित गेहूं खुले में न रहे। कले टर श्री सिंघल ने बारिश में भीगे गेहूं को भी सुखाने सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नागरिक आपूर्ति विभाग, वेयर हाउस सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# समूहों को नहीं दे रहे राशि व राशन सामग्री

मण्डला यशोः- आखिरकार मिड डे मील कार्यक्रम और सांझा चूल्हा कार्यक्रम में लापरवाही दूर नहीं हो पा रही है मप्र के मण्डला जिले में इन दोनों कार्यक्रमों का संचालन करने वाले स्व सहायता समूहों को प्रतिमाह समय पर राशन व राशि प्रदान नहीं की जा रही है। अभी तक लंबित राशि व राशन पूरा प्रदान नहीं किया गया है जिसकी वजह से स्व सहायता समूह परेशान हैं। लगातार इस आशय की खबर प्रकाशित की जा रही है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी वजह से स्व सहायता समूह में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जनापेक्षा है सरकार शीघ्र ध्यान दे।

# रेलवे संघर्ष समिति की बैठक आयोजित

मण्डला यशोः-5 मई को सुबह 10 बजे विधायक अशोक मर्सकोले के निवास स्थल पर रेलवे संघर्ष समिति मंडला की बैठक आयोजित है,इस बैठक में मंडला जिले से रेल संचालन संबंधी समस्याओं एवं आगामी आंदोलन के बारे में विचार विमर्श किया जावेगा,अतः रेलवे संघर्ष समिति के सदस्यों एवं स मानीय नागरिक जनों से अधिक से अधिक सं या में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया। समिति के अनूप मिश्रा, अनूप वासल,चंद्रमोहन सराफरेलवे संघर्ष समिति ने अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति की अपील की है।

# जनप्रतिनिधियों को जिले के विकास से कोई सरोकार नहीं

मण्डला यशोः- इस समय मण्डला जिले के नागरिकों को कले टर डॉ.

**कले टर की कार्यशैली से नागरिक फिलहाल संतुष्ट, लेकिन चुनौतियां अधिक**

सलोनी सिडाना से बड़ी उ मीदें हैं फिलहाल उनकी कार्यशैली से जिले के नागरिक संतुष्ट देखे जा रहे हैं। लगातार उनके द्वारा सभी विभागों की समीक्षा बैठक की जा रही है और योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर परिणाम लाने के निर्देश दिये जा रहे हैं। लगातार उनके द्वारा भ्रमण भी किया जा रहा है और विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए परिणामकारी प्रयास किये जा रहे हैं। चुनौती इस समय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क यातायात, पानी, बिजली इत्यादि की बनी हुई है। गंदगी बीमारी, बेरोजगारी, धांधली चरम सीमा पर पहुंच गई है। विकास कार्यों में ग्रहण लगा हुआ है अभी भी सभी विभाग तेजी के साथ सक्रिय नहीं हो रहे हैं।

### शहर के विकास में कले टर से उ मीदें

नगर के बुद्धिजीवी ने कले टर से अपेक्षा की है कि जिला चिकित्सालय को सराफा बाजार रामनाथ मोदी के सामने दान में दी गई जमीन आज भी एक परिवार का कब्जा है वहीं सब्जी मंडी में स्थित दान दी गई दुकानों आज भी व्यापारी द्वारा व्यापार किया जा रहा है इससे रोगी कल्याण समिति को कितना लाभ मिल रहा है यह जांच का विषय है साथ ही जिला चिकित्सालय के सामने महाराजपुर निवासी द्वारा एक बडी जमीन दान में दी गई थी जिसमें भर्ती मरीजों के लिए धर्मशाला पूर्व में बनाई गई थी जिससे भर्ती मरीजों के परिजन को इसका लाभ मिल रहा था परंतु वर्तमान समय में वह



भी बंद है साथ ही यहां बनाई गई 3 दुकानों से रोगी कल्याण समिति को इसका कितना लाभ मिल रहा है यह भी जांच का विषय है।

### जगह के लिए भटक रहा मेडिकल कॉलेज

मेडिकल कॉलेज को स्वीकृत हुये 5 वर्ष पूर्ण हो चुके है लेकिन जगह का चयन अब तक नहीं किया जा सका। पूर्व में कांग्रेस की सरकार ने जगह का चयन गौंझी में किया गया था जिसमें पर्याप्त जगह था लेकिन जनप्रतिनिधियों ने अपने लाभ व स्वार्थ को देखते हुये उक्त मेडिकल की जमीन को निरस्त कराया ताकि उनके लाभ व स्वार्थ पूर्ण हो सके लेकिन आज तक जमीन आबंटन का मसला लटका हुआ है। जिससे शीघ्र ही पूर्ण कराया जावें जिससे जिलेवासियों को लाभ मिल सके।

### बबैहापुल में नहीं बनाया गया साईड बॉल

मण्डला जबलपुर मार्ग में बबैहा पुल की सुधारीकरण के नाम पर सरकारी धन की होली खेली गई। पुल की हालत देखकर कहा जा सकता है कि जि मेदार अधिकारियों ने इस पुल के सुधारीकरण की राशि पर अपनी निगाहे गडाई है। पुल में साईड बॉल का निर्माण नहीं कराया वहीं फर्शीकरण में भी लापरवाही बरती गई।

### राष्ट्रीय पर्वो के लिए स्टेडियम की आवश्यकता

नगर में एकमात्र महात्मा गांधी स्टेडियम है जिसमें सभी प्रकार के खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय पर्व के कार्यक्रम इत्यादि कार्यक्रम संचालित होते थे परंतु वर्तमान में हाईकोट द्वारा खेलकूद के लिए यह ग्राउण्ड आरक्षित कर दिया गया है जिसके कारण राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी का कार्यक्रम पुलिस ग्राउण्ड में आयोजित किया गया था जिसमें भारी अव्यवस्था देखने को मिली। कार्यक्रम के अनुसार ग्राउण्ड छोटा था जिससे बच्चों को बैठने की व्यवस्था नहीं हो पाई थी झांकियों के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी पूरे कार्यक्रम में अव्यवस्था का आलम रहा। कले टर से अपेक्षा है कि राष्ट्रीय पर्व एवं राजनैतिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिये स्थाई स्टेडियम की आवश्कता महसूस की जा रही है जिससे सभी कार्यक्रम व्यवस्थित हो सके आने वाले दिनों में नगर सीमा विस्तार किया जाना है जिसमें मंडला नगर के आसपास की 11 पंचायतों को शामिल किया जाना प्रस्तावित है उन्हीं पंचायतों में से किसी बडी जगह को आरक्षित कर स्टेडियम का निर्माण करवाया जाये जिससे सभी कार्यक्रम संभव हो सके।

### समस्याओं का भी हो निराकरण

जनसुनवाई व 181 में नागरिकों की ढेर सारी समस्याएं लंबित पडी हुई है जिसका निराकरण समय पर नहीं किया जा रहा है। विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं इन सभी को ठीक करना जरूरी हो गया है। जनापेक्षा है कि मण्डला की सक्रिय कले टर तेजी के साथ इस जिले में विकास की गंगा बहायेंगी।

# बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए संकल्पित है सरकार

### लाड़ली लक्ष्मी उत्सव संपन्न

मंडला यशोः- स्थानीय नगरपालिका सभाकक्ष में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व राज्यसभा सांसद संपतिया उईके, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं से संवाद करते हुए उन्हें भविष्य निर्धारण के संबंध में समुचित मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, पार्षद ब्रजेश जसवानी, शिखा श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्वेता तड़वे सहित संबंधित उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद संपतिया उईके ने कहा कि वर्तमान सरकार बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए संकल्पित है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने कहा कि सभी बालिकाएं सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ लेते हुए अपने भविष्य को बेहतर बनाएं। उन्होंने आव्हान किया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शासकीय नौकरी तक सीमित न रखें, शासन की योजनाओं से जुड़ते हुए खुद का व्यवसाय प्रारंभ करते हुए अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राही एंजल जैन सहित अन्य बालिकाओं ने योजना से मिलने वाले लाभों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं को स मानित किया गया। लाड़ली लक्ष्मी आश्वासन प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। आभार प्रदर्शन सहायक संचालक रोहित बड़कुल ने किया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।



### लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करें - कले टर

कार्यक्रम में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने उपस्थित बालिकाओं से संवाद करते हुए उन्हें समुचित मार्गदर्शन प्रदान किया। कले टर ने कहा कि बेटियाँ देश और प्रदेश की शान हैं। सभी बालिकाएं अपना लक्ष्य तय करें तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेते हुए अपने सपनों को साकार करें। उन्होंने कहा कि अर्जुन की आंख की तरह लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करें। आर्थिक कारण शिक्षा में व्यवधान नहीं बन सकते, उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। डॉ. सलोनी सिडाना ने संवाद के दौरान अपनी एमबीबीएस तथा आईएएस की पढ़ाई के अनुभव भी साझा किए।

# आदिशंकराचार्य एकात्म पर्व कार्यक्रम का आयोजन

मंडला यशोः- 30 अप्रेल को आदिशंकराचार्य एकात्म पर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रजव्लन कर किया गया जिसमें मु य अतिथि उत्कृष्ट विद्यालय सांसद प्रतिनिधि वीरेंद्र अग्रवाल, भाजपा महामंत्री राकेश अग्रवाल,वरिष्ठ समाज सेवी सुरेश सोनी,प्रिंसिपल नेमा मैडम समस्त नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य,परामर्श दाता सीएससीएलडीपी छात्र-छात्राएं ब्लॉक समन्वयक उपस्थित हुए। कार्यक्रम में आदिशंकराचार्य के जीवन परिचय एकात्म पर्व विभिन्न मठों चार दिशाओं ज्योतिषि पीठ, श्रंग्री पीठ, द्वरीका ,पूरी गोवर्धन पीठ इन चारों मठों की जानकारी दी गई वैदिक सनातन हिन्दू धर्म संस्कृति, समाजिक, धार्मिक पूरे भारत वर्ष को एक सूत्र में बांध ने का कार्य किया।




# महिला कांग्रेस उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ट की बैठक संपन्न



मंडला यशोः- विगत 1 मई को महिला कांग्रेस उत्पीड़न प्रकोष्ट की ब्लॉक अध्यक्ष रोहिणी स्वरूप रेशम अल्वी कांग्रेस सचिव द्वारा ग्राम माना देवी में महिलाओं की एक बैठक रखी गई जिसमें गांव की महिलाओं को ब्लॉक अध्यक्ष रोहणी स्वरूप ने महिला को यह बताय की,मुझे कांग्रेस पार्टी ने इस प्रकोष्ट का ब्लाक अध्यक्ष इस लिऐ बनाया हैं की महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के बारे में चर्चा कर महिलाओं को निर्देश दिया की अगर किसी महिला पर अत्याचार हो रहा है तो हम एक होकर सब महिला उस अत्याचार के खिलाफएक साथ में मिलकर उसक , पुरजोर विरोध करेगें।

कांग्रेस की रिती निती से प्रभावित होकर महिला ने कांग्रेस की सदस्यता ली संतोषी नीमा भाई प्रिया दुबे सुनीता मीरा रंजना संगीता नंदा खिलौना नंदा लक्ष्मी नंदा देवकीनंदन ठगनी नंदा काजल नंदा सुनील नंदा पूजा नंदा कुंवारी भाई नंदा शिवरी गीता मरावी रोशनी आरती चौधरी नीतू चौधरी सोनी एक बार वैजयंती मालती रंजना मच्छरों चंदना टिक्कू कृष्णा ललिता राम भाई सुजाता नेहा आदि है।

# माँ तुझे प्रणाम योजना के तहत किया अंतर्राष्ट्रीय पंजाब बाघा बॉर्डर का भ्रमण

मंडला यशोः- लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रदेश के बालिकाओं के लिये वरदान साबित हो रही है। इस योजना से मण्डला जिले की लाड़ली भी लाभान्वित हो रही हैं। इन्हीं लाड़लियों में से एक कक्षा 11वीं की छात्रा कुमारी एंजल जैन हैं। एक ओर जहां एंजल की स्कूल फीस की चिंता दूर होने से वह मन लगाकर अपनी शिक्षा पूर्ण कर पा रही है, वहीं आगे की पढ़ाई और विवाह के खर्च की फिक्र भी कम हो गई है। एंजल कहती है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना से 2006 से जुड़ी हूं। मुझे इस योजना से बहुत सारे लाभ मिलने से मेरे माता-पिता की चिंता दूर हुई है। एंजल बताती है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना से मेरी पढ़ाई आसान हो चुकी है और 21 वर्ष पूर्ण होने के बाद मुझे 1 लाख 25 हजार रूपये मिलेगा जिससे मैं अपनी पूरी शिक्षा प्राप्त कर सकूंगी। एंजल जैन कहती हैं मैं इस योजना से जुड़कर बहुत खुश हूँ। अपने शिवराज मामा जी का धन्यवाद करती हूँ, जो हमें माता-पिता के बराबर प्यार और दुलार करते हैं। एंजल ने आज जिला मु यालय में आयोजित लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में सहभागिता करते हुए कले टर डॉ. सलोनी सिडाना सहित अन्य मंचासीन अतिथियों से संवाद कर भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### एंजल जैन ने किया अंतर्राष्ट्रीय बाघा बॉर्डर का भ्रमण

11वीं की छात्रा एंजल जैन कहती हैं कि कभी सोचा भी न था कि मैं अंतर्राष्ट्रीय बाघा बॉर्डर भी जा सकूंगी। हमारे शिवराज मामा सिर्फ हमारी पढ़ाई की चिंता करते हैं बल्कि हममें आत्म-विश्वास पैदाकर देशभक्ति और साहस की भावना को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। इसी क्रम में हमें माँ तुझे प्रणाम योजना के माध्यम से बाघा बॉर्डर जाने का मौका भी मिला है। उसका कहना है कि बाघा बॉर्डर भ्रमण के दौरान देश की संस्कृति को जानने का मौका मिला।

# अनन्या का सुयश



मंडल यशोः-. ईडन गार्डन कॉलोनी निवासी अलोक जैन की बेटी अनन्या ने 98.80 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल की है। अन्नया कक्षा चौथी में सफलता प्राप्त की है। इनकी सफलता पर दादी कमला जैन, माता प्रिया जैन, भाई आदित्य जैन के साथ विद्यालय स्टॉफने हर्ष व्यक्त किया है।

# सहकारी संस्थाओं के उपार्जन केन्द्रों पर स्लॉट बुकिंग निःशुल्क

मंडला यशोः- रबी विपणन वर्ष 2023-24 अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 15 मई 2023 तक नियत की गई है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य 2125/- प्रति क्विंटल नियत किया गया है। स्लॉट बुक करने की सुविधा 15 मई 2023 के 10 दिन पूर्व तक शासन द्वारा नियत है। जिले में 53 उपार्जन केन्द्रों में से 10670 किसानों ने ही स्लॉट बुक कराया गया है, जिसके विरूद्ध 4860 किसानों ने 275240.66 क्विंटल गेहूं उपार्जन केन्द्र में विक्रय किया गया है। गेहूं विक्रय हेतु जिले की सहकारी संस्थाओं के उपार्जन केन्द्रों पर स्लॉट बुकिंग निःशुल्क किया जा रहा है, जो किसान अपनी उपज उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय करना चाहते हैं, वे अपने नजदीकी उपार्जन केन्द्र का चयन कर सकते हैं। चयन की सुविधा उपार्जन पोर्टल के वेबसाईट ूण्उचमनचंतरंदण्दपबण्पद पर या स्वयं के मोबाईल से भी स्लॉट बुक कर सकते हैं। किसानों से आग्रह है कि स्लॉट बुकिंग करते समय एक बार ही उपार्जन केन्द्रों का चयन करें ताकि बार-बार निरस्त कराने की आवश्यकता न हो अन्यथा बार-बार निरस्त करने पर पात्रता नहीं रहेगी। जिले में 29 गोदाम स्तरीय केन्द्र बनाये गए हैं ताकि केन्द्रों से कम से कम परिवहन करना पड़े। जिले के किसान भाईयों से आग्रह है कि एफए. यू. क्वालिटी की उपज लेकर ही उपार्जन केन्द्र पर आएं ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न रहे।

# उपचार के लिए 10 हजार की आर्थिक सहायता

मंडला यशोः-जनसुनवाई में टिकरिया नारायणगंज निवासी हरि शर्मा ने आवेदन देते हुए उपचार के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने तत्काल मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से रिपोर्ट की जांच कराते हुए आवेदक को रेडक्रॉस से 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम करेलीटोला निवासी गुलबी बाई ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण के संबंध में, हाउसिंग बोर्ड राजीवकॉलोनी निवास लालसिंह यादव ने बिजली बिल भुगतान के संबंध में, ग्राम पंचायत सिलपुरा के सरपंच ने पेयजल समस्या, पड़रिया निवासी जियालाल ने परिवार खाद्यान्न सुरक्षा पर्ची के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में अतिक्रमण, पेंशन, दिव्यांग सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, सीमांकन, पेयजल, बिजली बिल सहित अलग-अलग विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए।

# कले टर ने सुनी जनसुनवाई में 87 लोगों की समस्याऐं

मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने योजना भवन के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए 87 आवेदकों की समस्या सुनी। कले टर ने प्रत्येक आवेदनकर्ता के आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत रानी बाटड, अतिरिक्त मु य कार्यपालन अधिकारी श्री मरावी, मंडला एसडीएम पुष्पेन्द्र अहके सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

संपन्न हुई जनसुनवाई में ग्राम हिरदेनगर निवासी अनुज कुमार चौरसिया ने गंदे पानी से संबंध में कले टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कले टर डॉ. सिडाना ने सीईओ जनपद पंचायत मंडला को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। घाघा, बढ़ार एवं पाटन घुघरी के निवासियों ने पेयजल समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कले टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को जांच कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि किसी भी ग्राम में पेयजल की समस्या संज्ञान में आने पर तत्काल निदानात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# संवेदनशीलता के साथ करें जल-जीवन मिशन के कार्य - डॉ. सलोनी कले टर ने की जल-जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

मंडला यशोः-जल-जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि जल-जीवन मिशन एक महत्वपूर्ण योजना है जिस पर पूरी संवेदनशीलता से कार्य करते हुए लक्ष्य पूर्ति का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि डीपीआर में स्वीकृत ग्रामों के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुँचाने के लिए पूरी क्षमता से कार्य करें। संबंधित एजेंसी से समन्वय कर कार्य की गति बढ़ाएं।

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि जो योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं उनमें जल आपूर्ति प्रारंभ कराएं तथा नियमानुसार टेस्टिंग की कार्यवाही पूर्ण होने पर उनकी पोर्टल पर एंट्री करें। कार्यों में निर्धारित मानकों का स ती से पालन करें। एमपीईबी तथा वन विभाग से संबंधित विषयों के लिए ईईपीएचई आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। कले टर ने निर्देशित किया कि नवीन हेंडपंप के उत्खनन के लिए सीईओ जनपद एवं सहायक यंत्री से चर्चा कर भी स्थल निर्धारित करें। इस संबंध में उन्होंने सीईओ जिला पंचायत को क्रॉसचैक करने के निर्देश दिए। कले टर ने कहा कि उत्खनन के लिए निविदा की कार्यवाही जल्द पूर्ण करें। किसी भी क्षेत्र में पानी की समस्या आने पर संबंधित अधिकारी जि मेदार होंगे। बैठक में कले टर ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के भी निर्देश दिए।




### 254 हेंडपंप सुधारे गए

बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि जिले में कोई भी हेंडपंप बंद न रहे। सूचना तंत्र को मजबूत बनाएं तथा जैसे ही हेंडपंप बनाने की जानकारी प्राप्त होती है तत्काल सुधार की कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई मनोज भास्कर ने बताया कि जिले में 19 अप्रैल से 2 मई तक 254 हेंडपंपों में सुधार का कार्य किया जा चुका है। कले टर ने सुधारे गए हेंडपंपों की सूची जिला पंचायत में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम



मंडला यशोः-केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फगनसिंह कुलस्ते का 3 मई 2023 को मंडला आगमन हो रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री कुलस्ते 3 मई को शाम 7 बजे डिंडौरी से जेवरा के लिए रवाना होंगे एवं रात्रि 8 बजे जेवरा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। श्री कुलस्ते 4 मई 2023 को प्रातः 7 बजे जेवरा से नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297